पेज 286

**प्रश्न 1:**

ऐसे दो ऊर्जा स्रोतों के नाम लिखिए जिन्हें आप नवीकरणीय मानते हैं। अपने चयन के लिए तर्क दीजिए?

**उत्तर 1:**

सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, महासागरीय ऊर्जा इत्यादि निम्नलिखित कारणों से ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत हैं:

- ऊर्जा अपने इन रूपों में निरंतर हमारे प्राकृतिक पर्यावरण में उपलब्ध है।
- इन ऊर्जा स्रोतों को समाप्त नहीं किया जा सकता है क्योंकि इनकी आपूर्ति बड़ी है और इन स्रोतों से उपयोग के योग्य ऊर्जा का निष्कर्षण नगण्य है।

**प्रश्न 2:**

ऐसे दो ऊर्जा स्रोतों के नाम लिखिए जिन्हें आप समाप्य मानते हैं। अपने चयन के लिए तर्क दीजिए।

**उत्तर 2:**

कोयला और पेट्रोलियम ऊर्जा के दो ऐसे स्रोत हैं जो समाप्य है।

ये ईंधन लाखों साल पहले प्राकृतिक घटनाओं द्वारा बने थे और इनका भंडार सीमित है। यदि हम वर्तमान में इनका उपयोग इसी दर से जारी रहा, तो ये भंडार जल्द ही समाप्त हो जाएंगे।


TIWARI ACADEMY